Title: Need to set up an Institute of Information Technology in Bihar-Laid.

श्री राजो सिंह (बेगुसराय): आर्थिक विकास में सूचना प्रोद्यौगिकी की बढ़ती हुई भूमिका तथा रोजगार प्रदान करने में इस क्षेत्र की संभावना को देखते हुए बिहार में राट्रीय स्तर के एक सूचना प्रोद्यौगिकी संस्थान (इन्स्टीन्यूट ऑफ इनफॉरमेशन टैक्नोलॉजी) की स्थापना की आवश्यकता है। अभी बिहार में इक्के-दुक्के संस्थानों को, जो निजी क्षेत्र में चलाये जाते हैं, छोड़कर बड़े पैमाने पर सूचना प्रोद्यौगिकी में प्रशिक्षण प्रदान करने की कोई संगठित व्यवस्था नहीं है।

मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान बिहार में राट्रीय सूचना प्रौद्यौगिकी संस्थान शीघ्र खुलवाने की ओर आकृट कराना चाहता हूं।